# आकाशवाणी, गोरखपुर

**दिनांक–25 जुलाई 2026** **सान्ध्य समाचार**

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपना इस्तीफा सौंप दिया है। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में, श्री प्रधान ने कहा कि पिछले दस दिनों से छात्रों के विरोध–प्रदर्शन के बाद बनी स्थिति से उन्हें दुख हुआ है और यह उनके लिए प्रतिष्ठा का सवाल नहीं है। उन्होंने कहा कि नई दिल्ली के जंतर–मंतर और देश भर में बनी स्थिति का फायदा उठाने वाली राष्ट्र–विरोधी ताकतों को रोकने के साथ–साथ यह सुनिश्चित करने के लिए कि किसी भी छात्र का भविष्य कानूनी पेचीदगियों में न फसें, उन्होंने प्रधानमंत्री को अपना इस्तीफा सौंपने का फैसला किया। श्री प्रधान ने कहा कि नीट–यूजी परीक्षा 2026 में अनियमितताओं के बाद, सरकार ने जांच सीबीआई को सौंप दी और परीक्षा रद्द कर दी। दोबारा परीक्षा के लिए नई तारीख की भी घोषणा की। उन्होंने कहा कि सरकार ने अगले साल से कंप्यूटर–बेस्ड टेस्ट सीबीटी मोड में परीक्षा आयोजित करने का फैसला किया है।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पेपर लीक मामले में सख्त कानून लाने को लेकर जारी किए गए अपने वीडियो संदेश पर मिली प्रतिक्रिया और सुझावों के लिए देश के युवाओं को धन्यवाद दिया है। श्री मोदी ने युवाओं के जबरदस्त समर्थन के लिए आभार व्यक्त किया।

***थैंक यू फ्रैंड्स, मैंने जो वीडियो पोस्ट किया था। उसको जिस प्रकार से आपने रिस्पॉन्स दिया, सकारात्मक सुझाव दिये। थैंक्स टू एव्रिबडी, ये आपका प्यार बना रहेगा, हमारा नाता और अधिक सक्रियता से जुड़ता रहेगा।***

प्रधानमंत्री ने कहा कि पेपर लीक जैसी घटनाओं पर रोक लगाने और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के लिए नया विधेयक संसद के मौजूदा सत्र में अगले सप्ताह पेश किया जाएगा।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नीट परीक्षा प्रकरण पर कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार नकल माफिया के खिलाफ सख्त कानून ला रही है। इसके अन्तर्गत दोषियों को कम से कम दस वर्ष की सजा और दस करोड़ रूपये तक के जुर्माने का प्रावधान होगा। मुख्यमंत्री आज फतेहपुर में चार सौ नवासी करोड़ रूपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं के लोकार्पण और शिलान्यास समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ करने वाले अब बच नहीं पायेंगे।

***हम आभारी हैं प्रधानमंत्री मोदी जी के प्रति जिन्होंने छात्रों के भविष्य को देखते हुए पिछले तीन दिनों के अन्दर बड़े–बड़े निर्णय लिये हैं। प्रधानमंत्री जी ने घोषणा की और केन्द्रीय कैबिनेट ने कल निर्णय लिया कि छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वाले नकल माफिया को कम से कम दस वर्ष की सजा और दस करोड़ रूपये की फाइन की व्यवस्था करेगी। मानकर के चलिये माफिया मिट्‌टी में मिलेंगे। कोई रोक नहीं सकता माफिया को मिट्‌टी में मिलने से।***

फतेहपुर से पहले मुख्यमंत्री ने जालौन में एक हजार सात सौ चौहत्तर करोड़ रूपये से अधिक की लागत वाली विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया।

जालौन में आयोजित जनसभा में मुख्यमंत्री ने कहा कि जिस बुन्देलखण्ड और जालौन को पिछड़ा, सूखे की चपेट वाला और बीहड़ मानकर उपेक्षित छोड़ दिया गया था, वह अब विकास की नई बुलंदियों को छू रहा है।

***डबल इंजन की भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने बीहड़ के डेरे को एक ओर करते हुए आज इसको विकास की रोशनी में आज हमारा बुन्देलखंड जगमगा रहा है और जालौन उसका प्रवेश द्वार बन के करके तैयार हो गया है। देश का पहला सोलर एक्सप्रेस–वे बन रहा है हमारा बुन्देलखंड में, पांच सौ पचास मेगावॉट का सोलर एनर्जी उत्पन्न करके एक लाख घरों को रिन्यूवल एनर्जी देने का केन्द्र बिन्दु बन रहा है आपका जालौन जनपद।***

मुख्यमंत्री ने आगरा में भी तीन सौ बयालीस करोड़ रूपये के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास किया।

**********

संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की छः सौ पचासवीं जयंती के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी देशव्यापी कार्यक्रम आयोजित करेगी। इस संबंध में आज वाराणसी में जानकारी देते हुए प्रदेश सरकार के समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण ने बताया कि अट्‌ठाइस और उन्तीस जुलाई को संत रविदास की जन्मस्थली सीर गोवर्धनपुर में विशेष आयोजन होंगे। जन्मस्थली की पावन मिट्टी का पूजन कर उसे एक सौ इकतीस कलशों में संग्रहित किया जाएगा। इन कलशों को देशभर में ले जाकर संत रविदास के समरसता, समानता और सामाजिक न्याय के संदेश का प्रचार–प्रसार किया जाएगा।

**********

प्रदेश के कई जिलों में हुयी बारिश और बैराजों से पानी छोड़े जाने के कारण कुछ जिलों में नदियों का जलस्तर बढ़ने लगा है। बाराबंकी में घाघरा नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है जबकि उन्नाव में गंगा नदी के जलस्तर में आज वृद्धि देखी गयी। बाढ़ की आशंका के दृष्टिगत सभी संवेदनशील जिलों में प्रशासन अलर्ट है। मौसम विभाग ने आगामी पांच दिनों तक प्रदेश के पूर्वी और पश्चिमी हिस्से के कई जिलों में गरज चमक के साथ हल्की से मध्यम वर्षा का अनुमान जताया है।

**********